तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 सुशासन तिहार के प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में तेजी से करें निराकरण : तोपनो









## खबर संक्षेप

### कल राज्यपाल करेंगें सैनिक स्कूल का भ्रमण



**अम्बिकापुर।** राज्यपाल रमन डेका 25 अप्रैल को सैनिक स्कूल का भ्रमण करेंगें। भ्रमण 28 मार्च को प्रस्तावित था जो स्वास्थ्य कारणों से निरस्त हो गया था। राज्यपाल भ्रमण के दौरान सैनिक स्कूल के नवनिर्मित एसएसबी प्रशिक्षण एरिया का उद्घाटन करेंगे। वे कैडेटों के विशेष प्रार्थना सत्र को संबोधित करेंगे तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे।

### हाइवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** बतौली थाना अंतर्गत ग्राम खड़धोवा निवासी जमुना प्रसाद पैकरा आ. स्व. करम देव (28 वर्ष) गत दिन बाइक से चचेरा भाई विकास की शादी में शामिल होने गया था। शाम को बाइक से अकेले जबकि ऑटो से परिवार के अन्य सदस्य घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार पडली व बीरा मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर चोट लगने से मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन ने घायल को रघुनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिवरीनारायण पुलिस ने फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया माध्यमों पर अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार राहुल मोहम्मद इरफान पिता मोहम्मद आरजू उम्र 24 वर्ष) निवासी सिंगोरी, थाना सिंगोरी, जिला पटना (बिहार) ने अपने मोबाइल से फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील वीडियो पोस्ट कर व्यापक रूप से प्रसारित किया था। साइबर सेल एवं थाना शिवरीनारायण पुलिस ने संयुक्त रूप से त्वरित कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67(बी), आईपीसी की धारा 201 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 14(1) के तहत मामला दर्ज कर 22 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में शिवरीनारायण पुलिस का योगदान रहा।

### भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदन की अंतिम तिथि कल

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अग्नि वीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है, जो भारतीय सेना की वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है।

## मंगलवार की दोपहर ग्रामीण ने घर में लगाई थी फांसी, परिजन नहीं कर रहे थे अंतिम संस्कार

**संयुक्त खाते की जमीन को फर्जी तरीके से कराई रजिस्ट्री, लगातार दे रहे थे धमकी**

# भूमाफियाओं की प्रताड़ना से तंग आकर पहाड़ी कोरवा ग्रामीण ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा ग्रामीण ने भूमाफियाओं की प्रताड़ना से तंग आकर आत्म हत्या कर ली। भूमाफियाओं ने पहाड़ी कोरवा की 6 एकड़ भूमि को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा ली। ठगी का शिकार युवक पुलिस और प्रशासन के दरवाजे पर मदद की गुहार लगाता रहा लेकिन जब उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई तो अन्ततः प्रताड़ना और धमकियों से तंग आकर ग्रामीण ने आत्म हत्या कर ली। युवक द्वारा आत्म हत्या किए जाने के बाद सर्व आदिवासी समाज के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मामले में रोष जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी जिसके बाद पुलिस ने मामले में उप पंजीयक, पटवारी, भूमाफियाओं समेत सात लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है।

**खास बात**

- अब आंदोलन की चेतावनी के बाद पुलिस ने उप पंजीयक, पटवारी, भू माफिया मघु अग्रवाल समेत सात के खिलाफ दर्ज किया अपराध

बताया जा रहा है कि राजपुर के बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम भेस्की निवासी भईरा पहाड़ी कोरवा नामक ग्रामीण ने 22 अप्रैल की दोपहर अपने घर के गौठान में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। पहाड़ी कोरवा ग्रामीण द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही थी। इस बीच बुधवार की सुबह सर्व आदिवासी समाज के साथ ही जनप्रतिनिधियों ने भूमाफियाओं की प्रताड़ना से ग्रामीण की मौत के मामले में आंदोलन व चक्का जाम की चेतावनी दी और न्याय नहीं मिलने तक अंतिम संस्कार नहीं करने की चेतावनी दी थी जिसके बाद एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर, एसडीओपी इमानुएल लकड़ा सहित बड़ी संख्या में पुलिस टीम मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर हर संभव कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद मामला शांत हुआ। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य कमला राम व मुकेश गुप्ता ने तात्कालिक सहायता के रूप में 25 हजार रूपए प्रदान किया जिसके बाद परिजन ने मृतक का अंतिम संस्कार किया लेकिन इस घटना ने जिला और पुलिस प्रशासन की कार्य शैली को सवालों के घेरे में ला दिया है। लगातार शिकायत के बाद भी राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र की कोई सुनवाई नहीं हुई और मजबूरन उसे फांसी लगाकर आत्म हत्या करनी पड़ी।



ग्रामीण से पूछताछ करते अधिकारी।

### शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

बताया जा रहा है कि इस धोखाधड़ी की शिकायत ग्रामीण ने जिला और पुलिस प्रशासन से की इसके साथ ही उसने सुशासन तिहार में भी आवेदन दिया लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके साथ ही मृतक को भू माफियाओं द्वारा डराया जा रहा था और जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। यही वजह है कि पहाडी कोरवा ग्रामीण ने आत्म हत्या कर ली। ग्रामीण द्वारा आत्म हत्या किए जाने के मामले में सर्व आदिवासी समाज ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष परशुराम भगत, संभाग अध्यक्ष डॉ. अमृत सिंह मरावी, एवं जिला अध्यक्ष बलरामपुर विजय खुसरो, सहित अन्य ने ज्ञापन में मांग की है कि जुबारो की भूमि की गई फर्जी रजिस्ट्री को 170 (ख) के तहत तत्काल निरस्त किया जाए। मृतक भईया के परिजन को दो करोड़ रुपए सहायता राशि दी जाए। आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। भेस्की, बरियों, बधिमा, घोरघडी, डिगनगर में संचालित सभी क्रेशर की जांच की जाए। विनोद अग्रवाल उर्फ मघु द्वारा ग्राम भेस्की की सोमर साय, चमार साय, गोंडन, भोला बैगा, कुबेर, कमला देवी, भिखारी राम, कुंवर साय व अन्य के नाम पर कराई गई फर्जी सभी रजिस्ट्री को निरस्त किया जाए। फर्जी रजिस्ट्री कराने में संलिप्त दलालों/ व्यक्तियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया जाए।

### क्या था मामला

इस मामले में भईरा राम के पुत्र संत राम का कहना है कि ग्राम भेस्की में भिन्सासी पति बनउ पहाड़ी क्रोवा, भाला आ. खिरना पहाड़ी कोरवा, जीतु आ. बनउ पहाड़ी कोरवा, संतराम माता जुवारो एवं पिता भईरा पहाड़ी कोरवा के नाम पर संयुक्त खाते में भूमि थी। खसरा नम्बर 210, 213/2, 215, 240/10 241/1, 245 में रकबा क्रमशः 0.656, 0.097, 0.150, 1.259 0.172, 0.134 हे. भूमि मौजूद है। संत राम का कहना है कि उसके मामला बनउ की सामूहिक भूमि को उसकी मां जुवारो को खाता खुलवाने के नाम पर रजिस्ट्री कार्यालय ले जाकर भू माफियाओं द्वारा पटवारी और उप पंजीयक से मिली भगत कर भूमि को शिवा राम नगेशिया के नाम पर बेच दिया गया। ग्रामीण का आरोप है कि गांधी चौक निवासी महेंद्र कुमार गुप्ता, परसागुड़ी निवासी उदय शर्मा, पटवारी राहुल सिंह, राजपुर निवासी विनोद अग्रवाल मघु, प्रवीण अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने 18 नवम्बर 2024 को 14 लाख रूपए में शिवा राम नगेशिया के नाम पर चढ़वा लिया।

### पुलिस ने दर्ज किया अपराध, रजिस्ट्री निरस्त

इधर इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने संत लाल द्वारा दी दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने ग्राम नवकी न्विअसी 19 वर्षीय श्विया राम आ.. स्व. ईश्वर नगेसिया, राजपुर निवासी विनोद अग्रवाल उर्फ मघु आ. जग्गू अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल आ. जग्गू अग्रवाल, चांदनी चौक निवासी महेंद्र कुमार गुप्ता आ. नथुनी साव, परसागुड़ी निवासी उदय शर्मा आ. राम प्रवेश शर्मा, पटवारी हल्का नम्बर 26 राहुल सिंग, उप पंजीयक राजपुर यशवंत कुमार के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इधर इस मामले में एसडीएम द्वारा भी नामान्तरण को तत्काल निरस्त कर दिया गया है और मृतक के परिजन को मुआवजा हेतु जानकारी कलेक्टर के माध्यम से शासन को भेजी जा रही है।

### दर्ज किया गया है अपराध

पहाड़ी कोरवा ग्रामीण द्वारा आत्म हत्या के मामले में सर्व आदिवासी समाज के साथ ही परिजन ने फर्जी तरीके से जमीन रजिस्ट्री कराने की शिकायत की थी। इस मामले में मृतक के पुत्र की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## चौथी भोज से लौट रहे ग्रामीणों का पिकअप पलटा, दो बच्चों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले में बीती रात बारातियों से भरा पिकअप अनियंत्रित होकर पत्थर से टकराने के बाद पलट गया। घटना चेन्द्रा चौकी क्षेत्र के ग्राम बिसाही पोड़ी में हुई। इस हादसे में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद लोगों के शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

- 25 से अधिक लोग थे सवार, दर्जनभर से अधिक घायल, गंभीर मरीजों को किया गया रिफर, भटगांव के बिसाही पोड़ी में हुई घटना

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के लटोरी चौकी अंतर्गत ग्राम भंडारपारा निवासी तलिन्दर राजवाड़े के बेटी की शादी 5 दिनों पूर्व ओड़गी विकासखंड के ग्राम बिलासपुर निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद मंगलवार को चौथी भोज का आयोजन किया गया था और इस भोज में शामिल होने के लिए भंडारपारा के महिला, पुरुष बच्चे समेत लगभग 25 ग्रामीण पिकअप में सवार होकर बिलासपुर गए हुए थे। चौथी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सभी ग्रामीण पिकअप क्रमांक सीजी 29 एसी 6154 से वापस लटोरी लौट रहे थे। इस दौरान देर रात लगभग 10 बजे जब ग्रामीण ग्राम बिसाही पोड़ी के पास पहुंचे तो चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार पिकअप नटकी नाला के समीप मोड़पर अनियंत्रित होकर पत्थर से टकराने के बाद पलट गया। पिकअप टक्कर और पिकअप के पलटने के बाद बाराती ⏭ शेष पेज 4 पर



दुर्घटनाग्रस्त पिकअप।

### अस्तपाल में तोड़ा दम

पिकअप पलटने से घायलों को भटगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने लटोरी भंडारपारा निवासी 12 वर्षीय दिगम्बर राजवाड़े आ. मनोज राजवाड़े और 13 वर्षीय कुन्नु चेरवा आ. खगेश चेरवा को मृत घोषित कर दिया इसके साथ ही 45 वर्षीया समकलिया राजवाड़े पति बाल्साय और 60 वर्षीय साहेब राम आ. रवि राम, 60 वर्षीय रामेश्वर, 50 वर्षीय गोविन्द सहित अन्य को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। इस घटना के गंभीर रूप से घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है जबकि शेष अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। मामले में भटगांव पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया है।

### पिकअप में ढो रहे सवारी

शादी विवाह का सीजन शुरू होने के साथ ही मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने का सिलसिला शुरू हो जाता है। लोगों द्वारा सवारियों को ठूंस ठूसकर भरा जाता है और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाया जाता है। यही वजह है कि आए दिन पिकअप वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से सवारियों की मौत होती रहती है। शासन के सख्त निर्देश के बाद भी ऐसे मामलों में कार्रवाई नहीं होती है जिससे पिकअप मालिक व चालकों के हौसले बुलंद है। बीती रात भी चालक की लापरवाही के कारण घटना हुई और घटना के बाद चालक वाहन व घायलों को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## मकान की दीवार गिरने से दबकर एक मजदूर की मौत, एक घायल

**अम्बिकापुर।** बुधवार को ग्राम करजी में मजदूरी करते समय मजदूरों पर दीवार गिरने से दो युवक दब गए। मलबे में दबे हुए मजदूरों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया जबकि एक अन्य का उपचार जारी है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ज कायम कर घटना की जांच की जा रही है। इस घटना के बाद परिजन सदमे में है। बताया कि रहा है कि मैनपाट के ग्राम कदनई निवासी 20 वर्षीय अर्जुन मझवार आ. बंधन मझवार अपने साथी 16 वर्षीय नवा राम, रवि राम सहित चार लोगों के साथ तीन चार दिन पूर्व मजदूरी करने के लिए दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम करजी निवासी नंद किशोर कुशवाहा के घर आया हुआ था। मजदूर नंद किशोर कुशवाहा के पुराने घर को तोड़कर खपड़ा, कंडी हटाकर सफाई कर रहे थे इसी दौरान पुराने घर की मिट्टी की दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने से अर्जुन मझवार और हवा राम मलबे के नीचे दब गए। इस घटना के बाद मौके ओर हड़कंप मच गया। अर्जुन के साथ आए मजदूरों ने किसी तरह मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला और उन्हें लेकर 108 एम्बुलेंस से लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने अर्जुन मझवार आ. बंधन राम को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल नवाराम का उपचार अस्पताल में जारी है।

- दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम करजी की घटना, कदनई से आए थे ग्रामीण मजदूरी करने



## नवपदस्थ एसएसपी अग्रवाल ने संभाली कमान



**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के नव पदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने पदभार ग्रहण कर लिया है। एसपी 22 अप्रैल की देर शाम सरगुजा पहुंचे और उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया। बता दें कि हाल ही में शासन ने 2012 बैच के आईपीएस एसएसपी राजेश अग्रवाल की पदस्थापना सरगुजा जिले में की है। पदभार ग्रहण करने के बाद एसएसपी श्री अग्रवाल ने बुधवार को एसपी कार्यालय का निरीक्षण करने के साथ ही पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली। सरगुजा जिले मे बेसिक पुलिसिंग के माध्यम से चुस्त दुरुस्त व्यवस्था बनाने एवं त्वरित कार्रवाई से आमनागरिकों का विस्वास हासिल करने की बात कही। उन्होंने अपराध निराकरण की दिशा मे तेजी के साथ काम करने के निर्देश सामान्य बैठक में दिए। बता दें कि एसएसपी श्री अग्रवाल पूर्व में वीआईपी वाहिनी माना रायपुर, जांजगीर 11 वी बटालियन मे सेनानी, जिला कवर्धा, बलरामपुर, रायगढ़, सूरजपुर, जशपुर मे बतौर पुलिस अधीक्षक अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

**प्रधान आरक्षक, आईजी के स्टेनो पर लगाया गंभीर आरोप**

## अपने ही विभाग से प्रताड़ित होकर आरक्षक ने नौकरी से दिया त्यागपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले में अब पुलिस पर अपने ही महकमें के एक कर्मचारी को प्रताड़ित करने का आरोप लगा है। पुलिस विभाग में पदस्थ आरक्षक ने अपने ही विभाग के पुलिस अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए नौकरी से त्याग पत्र दे दिया है। आरक्षक ने इस संबंध में एसपी सरगुजा के नाम अपना त्याग पत्र सौंपा है।

बताया जा रहा है कि आरक्षक क्रमांक 738 अमित कुमार राजवाड़े जिले के लुंड्रा थाना में पदस्थ था। आरक्षक का आरोप है कि उसने जमीन देने के नाम पर 10 लाख रूपए के धोखाधड़ी की शिकायत मणिपुर थाना में 2 अगस्त 2024 को की थी लेकिन इस मामले में कोई अपराध दर्ज नहीं किया गया जिसके बाद उसने इस मामले की शिकायत तत्कालीन एसपी और आईजी से की लेकिन आला अधिकारियों ने भी इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और ना ही अपराध दर्ज हुआ। इसके साथ ही आरक्षक के पैतृक निवास में 2 लाख रूपए का सोना चांदी की चोरी हुई थी जिसकी शकायत उसने लखनपुर थाना में की थी। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 192/17 धारा 457, 380 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया लेकिन थाने में पदस्थ तत्कालीन प्रधान आरक्षक मनीष तिवारी ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की वहीं 20 जनवरी 2018 को पुनः घर में पम्प की चोरी हुई। गांव से अन्य लोगों के 12 नग पंप चोरी हुए लेकिन किसी भी मामले में अपराध दर्ज नहीं हुआ। आरक्षक ने आईजी कार्यालय में पदस्थ स्टेनो पुष्पेन्द्र शर्मा पर उसे फोन कर धमकाने तथा स्टेनो से मिलने नहीं जाने पर उसका ट्रांसफर बलरामपुर रामानुजगंज जिले में करने का आरोप लगाया है। यही वजह है कि आरक्षक ने अपनी नौकरी से त्याग पत्र का आवेदन एसपी कार्यालय में दिया है। इधर प्रधान आरक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग आकर नौकरी छोड़ने की घटना से पुलिस विभाग में भी हडकंप मच गया है लेकिन इस घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है। बड़ी बात यह है कि हाल ही में शासन ने सरगुजा के पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली से नाखुश होकर आईजी और एसपी को हटा दिया है और उनके स्थान पर नए अधिकारियों को भेजा है।



**कराई जाएगी जांच**

आरक्षक का पत्र मिला है। इस मामले में बिन्दुवार जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-राजेश अग्रवाल
एसएसपी सरगुजा




## कॉलेज के युवाओं से खाता खुलवाकर बेच देता था गिरोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

पुलिस ने म्युल अकाउंट को लेकर की जा रही कार्रवाई में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने म्युल अकाउंट गिरोह के आठ सदस्यों को मध्य प्रदेश के बैढन से पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में खाते, मोबाइल, सिम कार्ड, लैपटॉप सहित अन्य सामानों को जब्त किया है। आरोपियों द्वारा गांव के भोले भाले ग्रामीणों और कॉलेज के छात्र छात्राओं से खाता खुलवाकर उनकी बिक्री की जाती और इन्ही खातों से आरोपियों द्वारा देशभर में ठगी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा था। इसके साथ ही आरोपियों द्वारा म्युल खातों से ही ऑनलाइन सट्टा एप का-बुक भी संचालित किया जा रहा था। पुलिस की जांच में आरोपियों से लगभग चार करोड़ के ट्रांजैक्शन की जानकारी अब तक सामने आई है। बुधवार को इस मामले का खुलासा एसपी वैभव बैंकर ने पत्रकार वार्ता के दौरान किया है।

- म्युल अकाउंट मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बैढन से पकड़े गए 8 आरोपी
- चलाते थे ऑनलाइन सट्टा भी, 4 करोड़ के ट्रांजैक्शन के सबूत

एसपी श्री बैंकर ने बताया कि म्युल अकाउंट को लेकर की जा रही कार्रवाई के तहत 17 अप्रैल को बलरामपुर पुलिस द्वारा बरदर निवासी 20 वर्षीय नदंन कुमार रजक आ. उदय बैठा व सामरी पाठ अमटाही निवासी 31 वर्षीय शोएब खान आ. अब्दुल खान को हिरासत में लिया गया था। पुलिस की पूछताछ में एक बड़े गिरोह द्वारा म्युल अकाउंट के माध्यम से धोखाधड़ी किए जाने की जानकारी सामने आई थी जिसके बाद पुलिस व साइबर सेल की टीम का गठन इस मामले की गहनता से जांच के लिए किया गया। जांच के दौरान संदेही मोबाइल नम्बर व बैंक खातों की जांच के बाद पुलिस ने अंबिकापुर निवासी मास्टर माइंड सचिन कुमार सैनी उर्फ बिट्टू को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। इसमें यह बात सामने आई कि सचिन कुमार सैनी द्वारा गिरोह का संचालन किया जा रहा था और आरोपी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के कॉलेज छात्र छात्राओं और अन्य ग्रामीणों से उनके नाम का खाता बैंकों में खुलवाया जाता था और फिर उन खातों को 4 से 10 हजार रूपए तक में खरीद लिया जाता था। ख़रीदे गए खातों को आरोपी रायपुर में सक्रिय दलालों को 10 से 15 हजार रूपए में बेच देता था इसके साथ ही सभी बैंक एकाउंट में षडयंत्र पूर्वक इंटरनेट बैंकिंग और एसएमस एलर्ट के लिए ⏭ शेष पेज 4 पर

### ये आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मामले में अंबिकापुर महुआपारा निवासी 24 वर्षीय सचिन कुमार सैनी उर्फ बिट्टू आ. राम चन्द्र प्रसाद, मुंगेली अम्बेडकर वार्ड निवासी 25 वर्षीय राजेश सोनकर आ. राजू सोनकर, सूरजपुर कैलाशपुर निवासी 23 वर्षीय सुखदेव साहू आ. राम जितन साहू, 23 वर्षीय आयुष कुमार साहू आ. हीरालाल साहू, कोरबा पौड़ी निवासी 21 वर्षीय मुकेश जायसवाल आ. सूर्यकांत जायसवाल, अंबिकापुर दत्ता कालोनी निवासी 23 वर्षीय प्रशांत सिंह आ. स्व. जनक प्रताप सिंह, चांदनी बिहारपुर निवासी 22 वर्षीय अभिषेक जायसवाल आ. बृजनंदन जायसवाल व जशपुर जिले के तुमला पेटामारा निवासी 26 वर्षीय दीपक कुमार आ. हृदयाआनन्द यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 3 नग लैपटाप, 23 नग एंड्राईड मोबाईल फोन, 18 नग इनएक्टिव सीम कार्ड, 45 नग एटीएम कार्ड, 9 नग बैंक पासबुक, 4 चेकबुक, वाईफाई सेट एवं घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा चार वाहन क्रमांक सीजी 13 एटी 7722 को कुल किमती 30 लाख रूपये को जप्त किया गया है। साथ ही लगभग 1.50 लाख रूपये आरोपियों के कब्जे से बरामद बैंक एकाउंट में फ्रीज करवाने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस को जब्त लैपटॉप और मोबाइल की प्राथमिक जांच में ही सैकड़ों बैंक खातों के माध्यम से अनियमित रूप से लगभग 4 करोड़ रूपए के अवैध ट्रांजेक्शन के सबूत मिले है।

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में आए 32 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### जनसुनवाई में 57 आवेदन पत्रों में की हुई सुनवाई

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने 57 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके सोनी, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप मोगरे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

### सुपर सीडर के लिए किसानों से आवेदन

**अनूपपुर।** नरवाई की समुचित प्रबंधन के लिए संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, मध्यप्रदेश शासन द्वारा कृषकों को ई-अनुदान डीबीटी पोर्टल के माध्यम से हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिले के किसान वर्तमान में ऑन डिमाण्ड के माध्यम से पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक कृषक 4500 रूपए का डिमांड ड्राफ्ट के रूप में सहायक कृषि यंत्री शहडोल के नाम से बनाकर पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। जिसमें हैप्पी सीडर पर अनुदान की अधिकतम राशि 81 हजार 400 रूपए एवं सुपर सीडर पर अनुदान की अधिकतम राशि 1 लाख 20 हजार रूपए हैं।

### चरचा कॉलरी की खदान में दर्दनाक हादसा, घटना से श्रमिकों में फूटा गुस्सा

# मशीन की चपेट में आने से ठेका श्रमिक की मौत



हॉस्पिटल के सामने लगी भीड़। मृतक कर्मी।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी**

बीती रात्रि चरचा वेस्ट खदान में हुए हादसे ने श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। खदान के पैनल नंबर 5 में कोयला उत्खनन के दौरान जेएमएस कंपनी के ठेका श्रमिक दिगेश्वर सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी बरबसपुर की मशीन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के समय मशीन बंद थी, लेकिन अचानक ऑपरेटर द्वारा मशीन चालू कर देने से केबल खींचा और दिगेश्वर उसमें फंस गया। दिगेश्वर की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई थी, जिसे तत्काल क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक ने महज तीन दिन पूर्व ही कार्य प्रारंभ किया था। हादसे के बाद खदान में कार्यरत श्रमिकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। उनका आरोप

- **जीएम के हस्तक्षेप के बाद परिजन को मिला 15 लाख का मुआवजा**

था कि दिगेश्वर को खदान में कार्य के लिए अनिवार्य बीटीसी प्रशिक्षण नहीं दिया गया था और फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर ड्यूटी पर लगा दिया गया था। श्रमिकों ने पंचनामा से इनकार करते हुए 15 लाख रूपए तत्काल मुआवजा की मांग की। स्थिति बिगड़ती देख अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और श्रमिकों के समर्थन में खड़े हुए। कड़ी मशक्कत के बाद पंचनामा की प्रक्रिया पूर्ण की गई। महाप्रबंधक बीएन झा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र की ओर से 15 लाख रूपए का चेक मृतक की पत्नी सविता सिंह को सौंपा। इसके अतिरिक्त ठेका कंपनी द्वारा अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार रूपए दिए गए। श्रमिकों ने ठेकेदार व मुंशी पर वेतन में कटौती, फर्जी दस्तावेज और धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

### जेएमएस कंपनी में ठेका मजदूरों की समस्या

जेएमएस कंपनी में काम करने वाले ठेका मजदूरों ने आरोप लगाया है कि कंपनी के द्वारा पेटी कॉन्ट्रैक्टर के माध्यम से कार्य कराया जाता है और ठेकेदारों के द्वारा उनसे 20 हजार रूपए लिए जाते हैं। ठेकेदारों के द्वारा बीटीसी भी नहीं कराया जाता और जबरन ऐसे कार्य करवाए जाते हैं, जिसके बारे में मजदूरों को कोई जानकारी नहीं रहती। ठेका मजदूरों ने आरोप लगाया है कि ठेका कंपनी और ठेकेदार के द्वारा अंग्रेजों की तरह व्यवहार किया जाता है। मजदूरों को मजबूरी में कार्य करना पड़ता है, क्योंकि उन्हें जीवन-यापन करना होता है।

### थाना प्रभारी की रही सक्रियता

थाना प्रभारी प्रमोद पांडे ने खान दुर्घटना में मृत श्रमिक के प्रकरण में विशेष सक्रियता दिखाई। थाना प्रभारी सुबह 7 बजे से ही क्षेत्रीय चिकित्सालय में डटे रहे और श्रमिकों और ठेका कंपनियों के बीच विवाद की स्थिति को संभाला। उनकी सक्रियता से किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई और मुआवजा राशि मिलने के बाद श्रमिक वहां से चले गए।

# सार्वजनिक शौचालय में चला पालिका का सफाई अभियान






**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर**

नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर के बाजारपारा स्थित पौनी पसारी शेड के बगल में सार्वजनिक शौचालय में नपा की लापरवाही से गंदगी का आलम को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से जनहित में खबर का प्रकाशन किया, इस पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए। जिसके बाद गंदगी से बदहाल सार्वजनिक शौचालय का त्वरित साफ-सफाई किया गया, इससे अब बाजार क्षेत्र में आने वाले व्यापारियों एवं आम लोगों को स्वच्छता के साथ सार्वजनिक शौचालय का उपयोग कर सकते हैं।

खबर का असर

वहीं नपा प्रशासन को भी बाजापारा के पौनी पसारी के पास बने सार्वजनिक शौचालय का नियमित तौर पर साफ-सफाई कराए जाने की जरूरत हैं। इस जगह के सार्वजनिक शौचालय का उपयोग की उपयोगिता महत्वपूर्ण। प्रतिदिन बड़ी संख्या में बाजार आने वाले व्यापारियों के साथ आमजन के लिए यहां का शौचालय सुविधाजनक हैं, ऐसे में इस जगह के सार्वजनिक शौचालय के साफ -सफाई को लेकर नपा को सजग रहने की जरूरत है, ताकि शौचालय की सफाई व्यवस्था बरकरार रहे, इससे लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी।

### लोग भी समझे स्वच्छता का महत्व

स्वच्छता को लेकर आम लोगों को भी सजग रहने की जरूरत है। जन सहयोग मिलने पर ही नपा प्रशासन द्वारा उक्त सार्वजनिक शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने में सक्षम होगा। देखने में यह आता है कि कई लोगों के द्वारा शौचालय का उपयोग कर पानी नहीं डालते हैं। इस तरह के गलत व्यवहार के चलते अन्य लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। सभी लोगों को स्वयं ही स्वच्छता का महत्व समझते हुए अच्छी आदतों का पालन करते हुए सार्वजनिक शौचालय में भी स्वच्छता बनाए रखने में नपा के साथ भागीदारी निभाने की आवश्यकता है।

### सामने प्रदर्शित हो सूचना

शहर के बाजारपारा क्षेत्र में पौनी पसारी शेड के पास बने एक छोटे भवन में नपा द्वारा सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है। इस भवन में मुख्य मार्ग से सामने के हिस्से में सार्वजनिक शौचालय होने की जानकारी कही प्रदर्शित नहीं हैं, बल्कि भवन के पिछले हिस्से में शौचालय होने की जानकारी है। इस सूचना को भवन के सामने हिस्से में उल्लेख करने की जरूरत है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। सामने सूचना प्रदर्शित नहीं होने के कारण शहर के ही अधिकांश लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं है।

# शिवपुर-चरचा और बैकुंठपुर में नालियों की सफाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर**

जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों शिवपुर-चरचा और बैकुंठपुर में पहले चरण में नागरिकों की शिकायतों और आवश्यकताओं पर जिस सक्रियता से कार्य किया गया, उसने लोगों के विश्वास को मजबूत किया है। नाली सफाई, स्ट्रीट लाइट सुधार, गंदगी हटाना, पेंशन मंजूरी और प्रमाण पत्र जारी करने जैसे मुद्दों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। अधिकारी आवेदनों को गंभीरता से लेकर तुरंत समाधान कर रहे हैं और नागरिकों को उनके मोबाइल नंबर पर फॉलोअप कॉल भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया था कि सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसका प्रभाव अब जमीन पर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। सुभाष नगर वार्ड शिवपुर-चरचा निवासी उपमेन्द्र सिंह द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के लिए दिए गए आवेदन का शीघ्र समाधान के लिए कार्रवाई की गई। वार्ड क्रमांक 1 निवासी संजय दास के राशन कार्ड से नाम कटवाने का आवेदन पूरा हुआ। बैकुंठपुर वार्ड 2 में निवासरत रामसुमेर केंवट द्वारा मिशन स्कूल रोड की सफाई की मांग पर त्वरित सफाई की गई।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेसी सड़कों पर, कैंडल मार्च निकाल दी श्रद्धांजलि





श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी।

**बैकुण्ठपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या के विरोध में मंगलवार शाम कांग्रेसजनों ने कैंडल मार्च निकालकर अपनी संवेदना प्रकट की।

शहर के कांग्रेस कार्यालय से

- **पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता दर्शाई, मृतकों की आत्मा की शांति के लिए रखा मौन**

प्रारंभ हुआ यह कैंडल मार्च नगर के प्रमुख कुमार चौक तक पहुंचा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुमार चौक पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह मार्च केवल श्रद्धांजलि देने का माध्यम नहीं, बल्कि देशवासियों को एकता का संदेश देने का प्रयास है। कांग्रेस इस दुख की घड़ी में पीड़ति परिवारों के साथ खड़ी है और आतंकवाद के हर स्वरूप की कड़ी निंदा करती है। कार्यक्रम में काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# पटना में नए अध्यक्ष पैकरा का जोशीला स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना**

पूर्व गृहमंत्री एवं छग राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा बीते 21 अप्रैल को पटना पहुंचे, जहां इमली चौक पर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष मोहित पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, जनपद सदस्य रंजीत मंडल, रेखा वर्मा, अहिबरन सिंह, राजेश सोनी, श्रीमती ज्योति देवांगन, प्रमिला सिंह, ललिता यादव, मीरा सोनी, टिंकू सिंह, सुरेश साहू, शंकर सोनी, देवेन्द्र सिंह, गणेश यादव, सचिदानंद द्विवेदी, सुधीर वर्मा, रमेश पोया, सुनील सिंह, राकेश गुप्ता सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एडीईओ के 200 पदों पर भर्ती के विज्ञापन जारी

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छग सरकार बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर प्रदान करने लगातार नई पहल कर रही है। इसीक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) के 200 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इन पदों में 193 रिक्त पद एवं 7 बैकलॉग पद शामिल हैं।

**न्यायालय तहसीलदार, बतौली जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202411020100011/अ-6/24-25
ग्राम बिसुनपुर तहसील बतौली

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम बिसुनपुर तहसील बतौली जिला सरगुजा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, आवेदिका श्रीमती स्वर्णमाला किस्पोट्टा पति आनन्द प्रकाश किस्पोट्टा निवासी नमनाकला अम्बिकापुर वर्तमान निवासी पिरदा रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम बिसुनपुर स्थित वादभूमि ख.न. 166/2, 372/4, 372/5, 372/24, 372/26, 804 कुल रकबा 1.771 हे. भूमि के अभिलेख में वसीयतकर्ता मार्टिना बड़ा द्वारा किये गये भूमि पर वसीयतग्रहिता स्वर्णमाला किस्पोट्टा का नाम दर्ज कराये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई हेतु निम्न व्यक्तियों की उपस्थिति होना है जो निम्नानुसार हैः-

1. अरूणा प्रतिमा आ. स्व. अलेक्सियुस बड़ा
2. मुकुल बड़ा आ. स्व. अलेक्सियु बड़ा निवासी नयानगर सरना के पास कन्या परिसर रोड नमनाकला अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने किसी वैद्य प्रतिनिधि के माध्यम से अपना आपत्ति दिनाक 06/05/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 22/04/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं कार्यालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
बतौली
जिला सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चमरीन पिता स्व. रामसिंह निवासी विशुनपुरखुर्द थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के बैगा पैकरा आ. स्व. राम सिंह की मृत्यु दिनाक 31/03/2023 को स्थान निवास में हुई है।

आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)














































23 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 4/23/2025 10:15 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### आतंकी और उनके आकाओं को दी जाए कड़ी सजाः शफी



**अम्बिकापुर।** नगर निगम में नेता विपक्ष शफी अहमद ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा किये गए कायराना हमले की कड़ी भर्त्सना की है। उन्होंने कहा इस तरह की घटना अमानवीय, निंदनीय और चिंताजनक है। तीन दिन पहले पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने धर्म के आधार पर देश के बंटवारे को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया था उसके तुरन्त बाद पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा सैलानियों के मजहब पूछ कर उनकी हत्या करने से यह साफ है कि पाकिस्तान परस्त आतंकवादी भारत मे हिन्दू मुसलमान की साझी विरासत में जहर घोल कर भारत को कमजोर करना चाहते है। इन आतंकियों और उनके आकाओं को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए जिससे दोबारा कोई भारत की ओर आंख उठाकर देखने का दुस्साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि यह सीधे तौर पर सुरक्षा में चूक का भी मामला है। इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादी सीमा पार कर भारत मे घुस आए और सरकारी तन्त्र को कोई खबर ही नहीं थी। जम्मू कश्मीर में सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्र और अमर अब्दुल्ला सरकार की है। उन्होंने कहा इस हमले में छत्तीसगढ़ के व्यापारी दिनेश मिरानिया सहित मारे गए सभी निर्दोष लोगों के प्रति श्रंद्धाजलि अर्पित करता हूं और ईश्वर से घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। हमारे सुरक्षाबल इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों का जल्द खात्मा करेंगे।

### एक बेगुनाह की हत्या, समस्त मानवता की हत्या के समान है : रशीद अहमद



**अम्बिकापुर।** धर्म के नाम पर कश्मीर में की गई कायरतापूर्ण और अमानवीय घटना की जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक अध्यक्ष रशीद अहमद अंसारी ने घोर निंदा की है। उन्होंने इस प्रकार की हिंसा को न केवल संविधान और मानवता के मूल्यों पर हमला बल्कि देश की एकता और अखंडता के लिए भी गंभीर चुनौती बताया है। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना के खिलाफ अल्पसंख्यक समुदाय का प्रत्येक सदस्य और समूचा हिंदुस्तान एकजुट होकर खड़ा है। हम केंद्र और राज्य सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों को कठोरतम सजा देकर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जाए। देश के किसी भी कोने में ऐसी अमानवीय हरकत होती है, तो हम उसका डटकर विरोध और निंदा करेंगे।

### पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों का हो पूर्णतः सफाया : विजयराज



**बिश्रामपुर।** भाजपा के अंत्योदय प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक एवं वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के संचालक विजयराज अग्रवाल ने 22 अप्रैल को पहलगाम में मारे गए हिन्दू पर्यटकों की निर्मम हत्या के प्रति संवेदना प्रकट की है। बुधवार को आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर किए गए हमला पर वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग परिसर में एक शोक सभा आयोजित की गई। साथ ही सभी उपस्थित व्यक्तियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई।इस दौरान विजयराज अग्रवाल ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा हिंदू पर्यटकों को उनका नाम पूछ पूछकर मारा गया है, इसका जवाबी हिसाब लेना बहुत जरूरी है। भारत सरकार को इस आतंकी हमले में जिसका भी हाथ हो, चाहे वह पाकिस्तानी हो या स्थानीय व्यक्ति, सभी को खोजकर उन्हें दण्ड देना ही एक मात्र न्याय है। सुनियोजित तरीके से गैर इस्लामिक पर्यटकों को नाम पूछकर निशाना बनाया गया है, इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए, वह कम है। आतंकी और उसको सहयोग देने वाले स्थानीय लोगों को जरूर सजा मिलनी चाहिए। कार्यक्रम में वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा हाथ में मोमबत्तियां एवं नारे लिखे तख्तियों द्वारा पाकिस्तान एवं आतंकवादियों के खिलाफ नारेबाजी की गई।

### आतंकी हमले के मृतकों को एसडीएम कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि



**लखनपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार की दोपहर आतंकवादी हमले पर्यटकों की हत्या के बाद एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अधिवक्ता संघ ने तहसील कार्यालय लखनपुर में श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बता दें कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे तभी आतंकवादियों ने हमला कर दिया। आतंकी हमले में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। मृतकों में यूपी, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ के पर्यटक नेपाल और यूएई टूरिस्ट पर्यटक सहित दो अन्य स्थानीय लोग भी मारे गए। इस दौरान एसडीएम वन सिंह नेताम, तहसीलदार अंकिता पटेल, नायब तहसीलदार उमेश पटेल, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शशि पांडे, सुरेंद्र पांडेय, नोटरी कन्हैया साहू, संजीव सेठ, बिहारी सिंह, मंजू श्रीवास्तव, सम्पत सिंह चंदेल, वर्षा पांडेय, देवदत्त सोनी, साक्षी सिंह, लखन सिंह, मुकेश राजवाड़े, सत्यदेव दास, देवेश्वर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

---

### चौक के समीप लोगों की रहती है भीड़, पेयजल के लिए भटकते है लोग

# भीषण गर्मी में प्याऊ नहीं खुलने से राहगीर एवं ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

आरजीके सब एरिया क्षेत्र के मानीचौक में प्रत्येक वर्ष एसईसीएल प्रबंधन द्वारा गर्मी के दिनों में निशुल्क प्याऊ जल केंद्र का संचालन किया जाता था, जो इस वर्ष अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह तक शुरू नहीं हो सकी है। ऐसे में प्याऊ जल के लिए राहगीर एवं ग्रामीण परेशान और भटक रहे है।

**खास बात**
- एसईसीएल प्रबंधन द्वारा गर्मी के दिनों में प्याऊ केन्द्र का किया जाता है संचालन

मानीचौक क्षेत्र का हब माना जाता है यहां पर आसपास के दर्जनों पंचायत के ग्रामीण व एसईसीएल कर्मचारी रोजमर्रा का सामान क्रय करने आते है लेकिन उनके लिए एक भी प्याऊ जल की उचित व्यवस्था नहीं है। पिछले कई सालों से आरजीके सबएरिया क्षेत्र द्वारा प्याऊ जल केंद्र का संचालन किया जाता है। एसईसीएल के रेहर, गायत्री, केतकी सहित आमगांव ओसीपी का मुख्य चौक है जहां कोयला लोड ट्रक में सील,त्रिपोली व बिल्टी कार्य के लिए घंटों रुकना पड़ता है। खदान के अधिकारी कर्मचारी इस मार्ग से गुजरते है लेकिन प्याऊ को लेकर कोई गंभीर नहीं है। एसईसीएल के महिला कमेटी द्वारा रेहर खदान के पास प्याऊ जल केंद्र का शुभारंभ किया गया है, साथ ही गायत्री खदान के गेट में प्याऊ जल केंद्र खोला गया है लेकिन वहां पहले से प्याऊ की व्यवस्था है। जबकि गायत्री खदान के सामने पंचायत द्वारा अवैध पार्किंग चलाया जा रहा है लेकिन प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गई है जबकि पार्किंग वसूली करने पर पंचायत को प्याऊ की व्यवस्था करना चाहिए था।

इस संबंध में उपसरपंच बोधन सिंह पोर्ते ने बताया कि एसईसीएल कंपनी पिछले 25 वर्षों से इस जगह पर है लेकिन आज तक उसके अधिकारी क्षेत्र की मूलभूत समस्या को समझ नहीं सके। भीषण गर्मी पड़ना शुरू हो गया है लेकिन अभी तक एसईसीएल प्रबंधन द्वारा प्याऊ केन्द्र नहीं खोला गया है जिससे लोगों को पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा।





चौक के समीप शो-पीस बना प्याऊ जल केन्द्र।

#### घरों से पानी मांगकर बुझाते हैं प्यास

मानी चौक के समीप प्याऊ केन्द्र नहीं खोले जाने से इस भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में दूर दराज से आने वाले कुछ लोग तो चौक के समीप दुकान से बंद पानी बॉटल खरीद कर प्यास बुझा लेते है लेकिन जिसके पास पैसा नहीं होता तो वह आसपास पास के घरों से पानी मांग कर प्यास बुझाते है। लोगों का कहना है कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में भीषण गर्मी पड़ना शुरू हो गया है और अभी तो पूरा गर्मी का मौसम बाकी है। ऐसे में प्याऊ केन्द्र नहीं खोला गया तो आने वाले दिनों में राहगीर समेत लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

#### यात्री प्रतीक्षालय की मांग नहीं हुई पूरी

मानी चौक के समीप प्रतीक्षालय नहीं होने के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दोपहर में कई यात्री बस के इंतजार के लिए चौक समीप पहुंचते है लेकिन यात्री प्रतिक्षालय नहीं होने के कारण यात्री भीषण गर्मी से बचने के लिए पेड़ के नीचे या किसी दुकान में शरण लेने को मजबूर है। क्षेत्र के लोगों ने चौक के समीप यात्री प्रतिक्षालय निर्माण के लिए कई बार मांग की परंतु आज तक मांग पूरी नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि अपनी मांगों को लेकर सड़कों उतरते है तब बड़े अधिकारी मौके पर आकर समस्या का निजात दिलाने की बात कहते है। लेकिन वर्षों पुरानी यात्री प्रतिक्षालय की मांग आज पूरी नहीं हो सकी।

---



## संस्कार भारती कार्यक्रम बच्चों के लिए अच्छा मंच : उद्धेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

संस्कार भारती कार्यक्रम के तहत सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में आज सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में कला एवं साहित्य, गीत भजन एवं नाट्य कला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 10 दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत आज कार्यक्रम के समापन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती, भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सभी कलाकारों द्वारा संस्कार भारती कार्यक्रम के तहत, चित्रकला, साहित्य, गीत, नाट्य कला प्रस्तुत करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बच्चों के कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया गया मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने संस्कार भारती के तहत कराए जा रहे कार्यक्रम गीत, संगीत, चित्रकला, नाट्य कला की सराहना करते हुए यह कहा कि इस कार्यक्रम से मन में अच्छे अच्छे विचार उत्पन्न होते है। साथ ही सभी कलाकारों को संगीत के माध्यम से एक अच्छा मंच संस्कार भारती कार्यक्रम के तहत प्रदान किया जाता है जो सराहनीय पहल है। सभी कलाकारों द्वारा चित्रकला, साहित्य, गीत, नाट्य कला को बहुत ही अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया गया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने कहा गया कि संस्कार भारती कार्यक्रम के तहत कुसमी के छोटे छोटे बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिली है। इस दौरान अभिषेक पांडेय, थाना प्रभारी कुसमी ललित यादव, सहदेव राम भगत, केदार प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मण सिंह पैकरा, विनोद गुप्ता, राकेश भारती, अर्जुन यादव, गोपाल गुप्ता, राजेश्वर गुप्ता, शशि टोप्पो, कुसुम पैकरा, प्राचार्य संत कुमार तिवारी, सुखनंदन यादव, शशांक दुबे, दिनेश तिवारी, दिनेश यादव, लक्ष्मण यादव, दिनेश राम, पवन कुमार पांडेय सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व अन्य उपस्थित थे।

---

## पीएफ व पेंशन से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटान हेतु हुई बैठक

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के निदेशक एचआर बिरंची दास ने 22 अप्रैल को पीएफ व पेंशन से संबंधित मामलों के शीघ्र एवं सुगम निपटान के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण बैठकें ली।



प्रथम बैठक में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग सीडेक तथा सीएमपीएफओ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए दास ने सी-केयर्स पोर्टल के माध्यम से पीएफ व पेंशन मामलों का न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए। बैठक में सी केयर्स पोर्टल के तकनीकी एवं प्रायोगिक पहलुओं की समीक्षा की गई तथा उसमें सुधार हेतु आवश्यक सुझाव साझा किए गए। पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया ताकि यह और अधिक सुलभ, भरोसेमंद व परिणामकारी बन सके। दूसरी बैठक में दास ने सीएमपीएफ़ओ बिलासपुर एवं जबलपुर के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए सीएमपीएफ़ नंबर अलॉटमेंट, पेंशन पेमेंट ऑर्डर एवं संशोधित पीपीओ जारी करने की प्रक्रियाओं में बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विधवा पेंशन, पुराने लंबित पीएफ प्रकरण, संशोधित पीपीओ तथा एनसीडब्ल्यू-11 के लागू होने के पश्चात पेंशन पुनरीक्षण से जुड़े मुद्दों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। बैठक में हरी पचौरी, मोहित वेद, जेएस राय, पीके जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अमेरा खदान से 50 हजार कीमत का ताम्बायुक्त केबल किया पार

**बिश्रामपुर।** भूमि के उपलब्धता में लंबे समय से उत्पादन संकट झेल रही एसईसीएल बिश्रामपुर की अमेरा खदान में कोयला चोरी की घटनाओं के साथ अब केबल चोरों की सक्रियता ने प्रबंधन के समक्ष नई मुसीबत खड़ी कर दी है।बताया गया कि मंगलवार की रात्रि पाली में लगभग दो से तीन बजे के बीच बड़ी संख्या में खदान में घुसे कबाड़ चोर गिरोह के सदस्यों ने मेन पंप में लगे 70 एमएम का लगभग चालीस मीटर ताम्बायुक्त केबल को चोरी कर लिया गया है। चुराए गये भारी भरकम केबल की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है,अमेरा खदान के प्रबंधक ने मामले की लिखित रिपोर्ट लखनपुर पुलिस को दी है। बता दें कि खदान क्षेत्रों में इन दिनों कोयला,कबाड़ का काम फिर पूरी रफ्तार के साथ पुनः शुरू हो गया है। वही खदान में तैनात कंपनी के सुरक्षाकर्मियों पर भी कोयला और कबाड़ चोरों से मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं।

## छग अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष का नगर में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छग राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम बोर्ड के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसरा का नगर पंचायत बिश्रामपुर क्षेत्र में आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद रविशंकर बऊवा के निवास पर एक मंचीय कार्यक्रम में शामिल हुए।



कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसरा ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार लोकहित में कार्य कर रही है। जनता की मांग और शिकायत को जानने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन प्रदेश भर में किया जा रहा है। उन्होने कहा कि अंत्यावसायी विभाग के माध्यम लोगों को अपना व्यवसाय शुरू करने अवसर अवसर प्राप्त होता है। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके, इसके लिए प्रयास जारी है। इसके अगले पड़ाव की ओर प्रस्थान करते हुए सुरेन्द्र कुमार बेसरा ग्राम कुरवां निवासी संजय गवेल के निवास स्थान पहुंचकर स्थानीय कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों से भेंट मुलाकात की। इस अवसर पर अनूप सिन्हा, श्यामा पाण्डेय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष रामानंद जायसवाल, श्रीमती आमवती नेताम, भारती गुप्ति, राजेन्द्र पासवान, सूरज सेठी, शशि मिश्रा, श्यामू साहू, हेमराज, पार्षद विनोद सरबटे, पिंटू, रविन्द्र मानिकपुरी, राजकुमार सिन्हा, राजकुमार मौर्य, रवि सारथी, विमला सिंह, मनोज गुप्ता, अलंकार नायक, निराकार नायक एवं गंगाधरन सहित अन्य मौजूद थे।

---

## सिक्योरिटी एडवाइजर ने केतकी व आमगांव खदान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया के सीनियर सिक्योरिटी एडवाइजर रिटायर्ड डीजी अनिल कुमार पटेरिया ने मंगलवार को देश के पहले एमडीओ मोड में संचालित होने वाले केतकी भूमिगत खदान व आमगांव खुली खदान परियोजना के साथ मेन मैगजीन का निरीक्षण किया। इसके एक दिन पहले सिक्योरिटी एडवाइजर भटगांव क्षेत्र के खदानों का भी निरीक्षण किया।



सीआईएल के सीनियर सेक्यूरिटी एडवाइजर के क्षेत्र के प्रवास पर होने की सूचना पर सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन व पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर भी उनसे मुलाकात करने भटगांव रेस्ट पहुंचे थे।मंगलवार को बिश्रामपुर पहुंचने पर सीनियर सेक्यूरिटी एडवाइजर की आगवानी क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने की।यहां वह बिश्रामपुर पासंग नाला समीप सीआईएसएफ के सुरक्षा में संचालित मेन मैगजीन का निरीक्षण कर यहां की सुरक्षा व्यवस्था को देखा तथा यहां से खदानों में मैगजीन परिवहन की जानकारी लेते हुए प्रबंधन के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।सीनियर सेक्यूरिटी एडवाइजर ने केतकी भूमिगत खदान व आमगांव खदान का भी निरीक्षण किया, यहां उन्होंने दोनों खदानों के कांटा घर सहित बूम बैरियर को परखा, साथ ही खदानों में वाहनों की आवाजाही के एंट्री समेत अन्य आवश्यक प्रबंध का निरीक्षण किया।खबर है कि दोनों जगहों पर निरीक्षण में खदान बूम बैरियर इंट्री में गड़बड़ी मिलने की जानकारी मिली है। हालांकि प्रबंधन के अधिकारियों ने इस बात से साफ इंकार कर इसे रूटीन निरीक्षण बताया है।

सेक्यूरिटी एडवाइजर ने यहां दोनों खदानों में अधिकारियों की बैठक लेते हुए जरुरी निर्देश दिये हैं, उन्होंने खदानों की सुरक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन से सामंजस्य बनाकर चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने की बात कही।बताया गया कि खदानों से कोयला डिस्पैच को लेकर कंपनी ने गाइड लाइन बनाई हुई है जिसका पालन हो रहा है या नहीं इसकी समय समय पर सीआईएल के अधिकारी स्थल की जांच करते हैं।इस दौरान सीनियर सेक्यूरिटी एडवाइजर के साथ एसईसीएल के जीएम ई एंड टी सी शक्तिवेल सहित स्थानीय अधिकारी उपस्थित थे।

### गजाधरपुर में नीलगिरि के पेड़ों की अवैध कटाई पर राजस्व अमले ने की कार्रवाई

**बिश्रामपुर।** ग्राम गजाधरपुर में नीलगिरि के दो पेड़ों की अवैध कटाई और उनके परिवहन का मामला सामने आया है। गौरतलब है कि लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम गजाधरपुर निवासी सोमारसाय द्वारा नीलगिरि के दो पेड़ों को कटवाकर ट्रैक्टर क्रमांक यूपी 12 बीएल 0697 के माध्यम परिवहन कराया जा रहा था। मामले की सूचना मिलते ही लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा के मार्गदर्शन में राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी द्वारा ट्रैक्टर को रोका गया।इस दौरान ट्रैक्टर चालक वाहन को छोड़कर भाग गया। इसके पश्चात ट्रैक्टर में लोड अवैध लकड़ी को ट्रैक्टर सहित जब्त कर गजाधरपुर सरपंच वीरेंद्र कुमार के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



---

## पृथ्वी की वास्तविक गुणवत्ता में लगातार हो रही गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजीव गांधी शास.स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा पृथ्वी दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। व्याख्यान माला में शासकीय महाविद्यालय प्रतापपुर के प्रो.गोपीश्वर साय ने कहा कि प्रकृति के शोषण से पारिस्थितिकी तंत्र के विनाश के फलस्वरूप पृथ्वी की वास्तविक गुणवत्ता में लगातार गिरावट हो रही है।

- पृथ्वी दिवस पर पीजी कॉलेज में हुआ व्याख्यान





जनसंख्या वृद्धि पृथ्वी के अस्तित्व को चुनौती देने में लगा हुआ है। विभागाध्यक्ष डॉ.अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि विगत शताब्दी में मनुष्य ने अपनी प्राविधिक एवं वैज्ञानिक दक्षता के साथ कृषि, सिंचाई, खनन, उद्योग, परिवहन इत्यादि क्षेत्रों में तीव्र विकास किया। दुर्भाग्यवश ऐसा करने में उसने पृथ्वी के प्राकृतिक पर्यावरण का बेहद नुकसान किया। हमारी पृथ्वी का पर्यावरण अनेक भौतिक और जैविक कारकों का एक समेकित तंत्र है जिसमें सभी भौतिक तत्व इस प्रकार क्रिया तथा प्रतिक्रिया करते हैं कि एक प्रकार का संतुलन सदैव बना रहता है किंतु संसाधनों के अति दोहन से इसमें असंतुलन उत्पन्न हो गया है, जो पृथ्वी के अस्तित्व के लिए बेहद खतरनाक है। अतिथि व्याख्याता ओमकार कुशवाहा ने कहा कि मनुष्य अपने पर्यावरण को विकासात्मक क्रिया के लिए उपयोग करता है और ऐसा करते हुए प्राकृतिक तंत्र को भंग करता है। इसे ही पर्यावरण का अवनयन कहा जाता है। अतिथि व्याख्याता डॉ.राजीब जाना ने कहा कि पृथ्वी दिवस का संबंध पर्यावरण के संरक्षण से है। इस संबंध में कार्ययोजना बनाए जाने की आवश्यकता है इनमें प्राकृतिक पर्यावरण के संघटकों में होने वाले रूपांतरण को नियंत्रित करना, पादप और प्राणी स्पीशीज का विनाश तथा प्रतिस्थापन रोकना, रासायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के उपयोग को नियंत्रित करना, वायुमंडलीय गैसों के अनुपात में होने वाले परिवर्तन को नियंत्रित करना, क्षयशील संसाधनों का अति शोषण रोकना, औद्योगिक विस्तार तथा नगरीकरण को नियंत्रित करना, खनिज उत्खनन के विस्तार को रोकना है। इस दौरान भूगोल स्नातकोत्तर के सभी विज्ञानी उपस्थित थे। व्याख्यान माला का संचालन स्नातकोत्तर भूगोल परिषद् के अध्यक्ष नितेश पटेल ने किया।

## पृथ्वी दिवस पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

**अम्बिकापुर।** विश्व पृथ्वी दिवस पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में शायर-ए-शहर यादव विकास की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह, पं.चंद्रभूषण मिश्र मृगांक, केके त्रिपाठी और व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय के आतिथ्य में काव्य गोष्ठी की।



ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि पृथ्वी हमारी माता है। पृथ्वी से हमें अन्न, जल, वायु, रत्न काष्ठ आदि सब प्रकार की जीवनोपयोगी वस्तुएं प्राप्त होती हैं। हम उससे जितना प्राप्त करते हैं उसका एक अंश भी उसे नहीं देते। पृथ्वी के संसाधनों के अत्याधिक दोहन से सबका जीवन संकट में है। वायुमंडल में कार्बनडाय ऑक्साइड की मात्रा में बेतहाशा वृद्धि हुई है। अत्यधिक गर्मी, बाढ़, तूफान, भू-स्खलन, भूकंप आदि प्राकृतिक विपदाओं और हिमखण्डों के पिघलने से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है। समय रहते पृथ्वी के संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वह स्थिति दूर नही जब महाप्रलय से संपूर्ण सृष्टि का विनाश हो जाएगा। हमें भोगवादी सभ्यता का परित्याग कर पृथ्वी और प्रकृति के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना होगा तथा प्राचीन परम्पराओं की ओर लौटना होगा जो पृथ्वी की रक्षा और स्तुति करती थीं। मानव-जीवन को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध बनाने का सूत्र भी इसी से सन्निहित है। गोष्ठी में माधुरी जायसवाल ने धरती को मां कहते है, आशा पाण्डेय ने जलती धरती मांग रही है, अंजू प्रजापति ने कटते रहे हर मोड़ पर, स्वाति टोप्पो ने बूंद-बूंद से भरता धट, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने एक पीपल सड़क किनारे, पूनम दुबे वीणा ने तेरी-मेरी बात है, छाया है मधुमास, अम्बरीश अम्बुज ने तुम अपनी जान भी, प्रकाश कश्यप ने आदमी जो मार के जमीर, चंद्रभूषण मृगांक ने बदलता युग, बदलता परिवेश, डॉ.उमेश पाण्डेय ने सुनसान राहों पर कोई मसीहा ही चलता है, राजेन्द्र विश्वकर्मा नाचे गइस नोनी देखा, कृष्णकांत पाठक ने चूमकर हमने जब से उठा ली कलम, मुकुंदलाल साहू ने तुम ही अर्जुन हो सखे, शायर ए-शहर यादव विकास ने हाल दिन का पता नहीं होता रचना सुनाई। गोष्ठी का संचालन माधुरी जायसवाल ने किया। इस दौरान दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, प्रमोद आदि काव्यप्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में केशरवानी वैश्य के ताराचंद गुप्ता, मनीलाल गुप्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### जल जीवन मिशन के पानी टंकी निर्माण को पूर्ण कराने सौंपा ज्ञापन

**लखनपुर।** शासकीय भूमि पर बनाए जा रहे जल जीवन मिशन के पानी टंकी निर्माण में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्ति के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पानी टंकी का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण कराने की मांग की है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम पंचायत इरगवा में शासकीय भूमि पर जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा था। गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा शासकीय भूमि को अपनी भूमि बताकर पानी टंकी निर्माण कार्य को लेकर रोका जा रहा था। जिससे निर्माण कार्य को लेकर बीते एक वर्ष से यह समस्या बनी हुई थी। जनपद सदस्य और सरपंच के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण बुधवार की दोपहर तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीएम बंस सिंह नेताम को ज्ञापन सौंप जल्द से जल्द जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण कार्य कराया जाने की मांग की। एसडीएम वन सिंह नेताम ने हल्का पटवारी और उक्त ग्रामीण व्यक्ति को बुलाकर पूछताछ की जिसके बाद शासकीय भूमि पर जल जीवन मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्य को पूर्ण कराने आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया है। इस दौरान जनपद सदस्य दिल भरोस मरावी, ग्राम सरपंच चंद्र मनी, पूर्व सरपंच प्रह्लाद सिंह, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद है।

### बॉक्साइट लोड ट्रक खाई में गिरा बाल-बाल बचे सवार

**मैनपाट।** मैनपाट से बॉक्साइट लेकर रायपुर के लिए निकली ट्रक मैनपाट में माटी घाट के बड़ा मोड़ में खाई में नीचे जा गिरी। बताया जा रहा है



दुर्घटना की मुख्य वजह ब्रेक नहीं लगा जिससे दुर्घटना हुई। इसके अलावा लगातार हो रही ट्रक दुर्घटनाओं के पीछे फिटनेस को भी एक मुख्य वजह माना जा रहा है। जर्जर स्थिति में चल रही ट्रकों को फिटनेस टेस्ट में कैसे पास कर दिया जाता है जो समझ के परे हैं। यही वजह है कि आए दिन ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती है। गनीमत था कि जिस समय दुर्घटना हुई उससे पहले ही चालक व खलासी ने कूदकर अपनी जान बचाई। लेकिन ओवरलोड होने के कारण ट्रक को खाई में गिरने से नहीं बचा सके। ज्ञात हो कि मां कुदरगढ़ी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा लगातार ओवरलोड ट्रकों का संचालन किया जा रहा है। मां कुदरगढ़ी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा ग्राम पंचायत के अनुमोदन के बिना ही मनमाने ढंग से क्रेशर का संचालन किया जा रहा है।

## शुरू कराई जर्जर एनएच 343 की मरम्मत

# एसडीएम के नोटिस के बाद जागा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वर्षों से पैच रिपेयरिंग के भरोसे चल रही अम्बिकापुर-गढ़वा रोड एनएच क्रमांक 343 के चौड़ीकरण की स्वीकृति तो मिल गई है लेकिन ठेका कंपनी सड़क की बदहाल स्थिति को सुधारे बिना निर्माण शुरू करने के लिए तैयार नहीं है। इधर सड़क पर 3-3 फीट गहरे गड्ढे होने के कारण यात्री अपनी जान को जोखिम में डालकर सफर करने मजबूर हैं। बार-बार विरोध प्रदर्शन एवं आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद जब विभाग ने सड़क मरम्मत की पहल नहीं की तो प्रशासन को सख्ती करनी पड़ी।

**खास बातें**

- कसड़क पर बने 3-3 फीट गहरे गड्ढे
- आए दिन हो रही थी दुर्घटनाएं, लग रहा था जाम
- क्षेत्रीय अधिकारी के आश्वासन के बावजूद नहीं हो रही थी पहल

दशकों पूर्व अम्बिकापुर-रामानुजगंज मार्ग का निर्माण किया गया था। इस बीच दोबारा कभी पूरी सड़क का निर्माण नहीं हो सका। अधिकारी सड़क के जर्जर हिस्सों की मरम्मत कर काम चलाते रहे। शासन द्वारा इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के साथ ही सड़क चौड़ीकरण कराने का निर्णय लिया गया था। एनएच का बड़ा हिस्सा वनभूमि का क्षेत्र होने के कारण फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं मिलने के कारण लम्बे समय से चौड़ीकरण का काम अटका पड़ा था। ठेकेदार तय होने के बावजूद निर्माण शुरू करने के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस का इंतजार किया जा रहा था। लम्बी मशक्कत के बाद शासन ने फॉरेस्ट क्लीयरेंस दे दिया है। इधर वन विभाग ने सड़क चौड़ीकरण के लिए पेड़ों की कटाई भी शुरू कर दी है। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अभी ठेका कंपनी सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू करने के लिए तैयार नहीं है। ठेका कंपनी की अपनी समस्याएं हैं। दूसरी तरफ मरम्मत के अभाव में सड़क जगह-जगह उखड़ गई है। सड़क पर तीन-तीन फीट गहरे गड्ढे. बन गए हैं जिसमें फंसकर आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं वहीं वाहनों के फंसने से जाम लगना रोज-रोज की समस्या बन गई है। लगातार विरोध प्रदर्शन के बावजूद जब सड़क मरम्मत के लिए विभाग ने कोई पहल नहीं की तो बलरामपुर एसडीएम ने एनएच के अधिकारियों को दो बार धारा 152 की नोटिस जारी कर अधिकारियों को तलब किया तथा तत्काल जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं कराने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी तो अधिकारियों ने आनन-फानन में बुधवार को सड़क के खतरनाक गड्ढों में स्टोन डस्ट एवं मुरूम भरवाने का कार्य शुरू कराया। प्रशासन की सख्ती के बाद अब निकट भविष्य में सड़क के खतरनाक गड्ढों से मुक्ति मिलने की उम्मीद है।



सड़क मरम्मत के लिए स्टोन डस्ट गिराता ट्रक।

**नहीं मिली मरम्मत की स्वीकृति**

जर्जर सड़क की मरम्मत को लेकर लगातार बढ़ते दबाव की जानकारी मिलने पर 6 अप्रैल को एनएच के क्षेत्रीय अधिकारी अभीजीत कुमार राज्य स्तरीय टीम के साथ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने भ्रमण कर एनएच 343 की हालत, पेड़ कटाई सहित अन्य स्थितियों का जायजा लिया। उन्होंने बलरामपुर कलेक्टर से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। स्थिति से अवगत होने के बाद उन्होंने अधिकारियों को सड़क मरम्मत का प्राक्कलन भेजने के निर्देश दिए थे। निर्देश पर विभाग के अधिकारियों ने अम्बिकापुर से राजपुर तक 7.830 मिमी, बड़की महरी से रामानुजगंज तक 29.400 किमी एवं रजपुरी खुर्द से पस्ता तक 49.820 किमी लम्बी सड़क की तीन खण्ड में मरम्मत कराने का प्रस्ताव क्रमशः 1.87 करोड़, 3.65 करोड़ एवं 4.25 करोड़ कुल 99.7 करोड़ का प्रस्ताव भेजा था लेकिन विभाग द्वारा अभी प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी गई है। विभाग के पास मरम्मत की राशि उपलब्ध नहीं होने तथा दबाव बढ़ने पर अधिकारी उधारी में मरम्मत करा रहे हैं। प्रशासनिक दबाव से विभाग के अधिकारी काफी हतोत्साहित हैं। जर्जर सड़क की मरम्मत में बड़ी राशि खर्च होने के कारण ठेका कंपनी स्वीकृति मिलने के बाद ही निर्माण शुरू करने की बात पर अड़ी है।

**बरसात में हो सकती है समस्या**

दो महीने बाद बरसात शुरू होने वाली है। ऐसे में बारिश शुरू होते ही गड्ढों का स्टोन डस्ट व मुरम बह जाएगा तथा सड़क फिर से खतरनाक बन जाएगी। गड्ढों में स्टोन डस्ट एवं मुरूम भरना स्थाई हल नहीं है। बरसात में गड्ढों की मरम्मत भी नहीं हो सकती। ऐसी स्थिति निर्मित होने पर सड़क से आवागमन मुश्किल हो जाएगा। एनएच 43 की जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए तत्कालीन ठेका कंपनी ने यही तकनीक अपनाई थी। बरसात में आए दिन सड़क के जाम होने से प्रशासन एवं विभाग को काफी विपरीत स्थितियों का सामना करना पड़ा था।

**विभाग कर रहा मरम्मत**

यात्रियों की समस्याओं को देखते हुए एनएच के अधिकारियों को धारा 152 की दो नोटिस जारी की गई थी। अधिकारियों ने बुधवार से जर्जर सड़क की मरम्मत करानी शुरू कर दी है।

-आनंद राम नेताम
एसडीएम, बलरामपुर



# पेड़ काट रहे मजदूर पर गिरी डगाल, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

नीलगिरी पेड़ काट रहे मजदूर पर एक बड़ा डंगाल गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूर को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। मजदूर उत्तर प्रदेश से मजदूरी करने आया था।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश से छत्तीसगढ़ मजदूरी करने आया मोहम्मद जुल्फेकार (35) नीलगिरी के पेड़ों की कटाई कर रहा था। इसी दौरान मशीन की तेज गड़गड़ाहट के बीच अचानक एक डंगाल उसके सीने पर आ गिरी वहीं मोटा टहनी उसके सीने में धस गया। घटना को देख उसके मजदूर साथियों ने हिम्मत दिखाते हुए उसे भैयाथान अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने मजदूर की हालत गंभीर होने पर सूरजपुर रेफर कर दिया। घायल को सूरजपुर जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में मजदूर ने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। गौरतलब है कि पिछले छह महीनों से उत्तर प्रदेश के व्यापारी सूरजपुर और आसपास के जिलों में नीलगिरी, सेमर और कदम जैसे बेशकीमती पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई करवा रहे हैं। हैरानी की बात ये है कि इस काम में लगे श्रमिकों के लिए न कोई सुरक्षा कवच है न किसी नियम-कायदों की परवाह। रोजाना सैकड़ों मजदूर बिना हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट या किसी भी प्राथमिक सुरक्षा उपाय के जान जोखिम में डाल मजदूरी करने को मजबूर है। घटना के बाद गांव में शोक के साथ लोगों में काफी आक्रोश है। सामाजिक संगठनों और स्थानीय ग्रामीणों ने मांग की है कि इस हादसे की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच हो, मृतक जुल्फेकार के परिवार को पर्याप्त मुआवजा और सहायता दी जाए। साथ ही नीलगिरी समेत सभी पेड़ों की अवैध कटाई पर सख्त रोक लगाई जाए। श्रमिकों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य नियम बनाए जाएं और कठोरता से लागू किए जाएं।

# मामूली विवाद पर भाई को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले की त्रिकुंडा पुलिस ने मामूली विवाद पर भाई की हत्या के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त फावड़ा बरामद करने के साथ ही उसे जेल भेज दिया है।

- त्रिकुंडा थाना क्षेत्र की घटना



पुलिस ने अनुसार ग्राम पलगी झामाटोला निवासी 52 वर्षीय सतन जगते ने पुलिस को सूचना दी कि 22 अप्रैल की रात 9 बजे वह अपनी पत्नी शांति के साथ घर के सामने खाट पर बैठा हुआ था। इसी दौरान त्रिकुंडा कोरहटी पारा निवासी गोवर्धन अपने छोटे भाई शिवनाथ कोडाकू के साथ उसके घर के पास आया और चारपाई पर बैठ गया। दोनों भाई शराब के नशे में थे, जब उन्होंने सतन जगते से तम्बाकू मांगा तो उसने उन्हें तम्बाकू खाने को दिया और उन्हें घर जाने को बोला लेकिन वे घर नहीं गए और चारपाई पर बैठे हुए थे। इस दौरान सतन जगते पत्नी के साथ घर के अन्दर खान खाने चला गया। खाना खाने के दौरान दोनों भाई के बीच किसी बात को लेकर बहस होने लगी। बहस के दौरान शिवनाथ ने अपने भाई गोवर्धन से बोलने लगा कि तुम्हारा घर उजाड़ दूंगा ऐसे में गोवर्धन ने भी उसे जवाब दिया कि तुम अपनी पत्नी की हत्या के बाद जेल काटकर बाहर आए हो और अब हमारा घर उजाड़ दोगे, इसी बात को लेकर आक्रोशित गोर्वधन ने पास में फावड़ा से अपने छोटे भाई शिवनाथ के सिर पर दो से तीन वार किया और खाट से उतारकर जमीन पर गिरा दिया। भाई की हत्या के बाद आरोपी फावड़ा को छिपाकर भागने लगा। इस दौरान सतन जगते ने शोर मचाकर अपने नाती विश्वनाथ, पड़ोसी सहित अन्य लोगों को बुलाया और सरपंच संतोष मरकाम व पुलिस को मामले की सूचना दी। मामले में पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही मामले में बीएनएस की धारा 103(1) के तहत त्रिकुंडा निवासी 62 वर्षीय गोवर्धन उर्फ पुड़ी आ. बंशीधर कोड़ाकू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त फावड़ा को जब्त करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### दिन एवं रात के तापमान में हुई आंशिक गिरावट

**अम्बिकापुर।** फिलहाल मौसमी घटकों में कोई बदलाव नहीं आया है लेकिन दिन एवं रात के तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री वही अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जिसमें बुधवार को आंशिक गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 20.7 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। गुरूवार को हिमालय क्षेत्र में एक पछुआ विक्षोभ के पहुंचने की संभावना है। हालांकि विक्षोभ का प्रभाव सरगुजा तक पहुंचने की संभावना नहीं है। विक्षोभ के प्रभाव से अक्सर हवा की दिशा बदल जाती है। ऐसे में इस बार भी गुरूवार से हवा की दिशा में बदलाव होने की संभावना है।



# हाथियों ने रेवतपुर में किसानों की फसलों को पहुंचाया नुकसान

**राजपुर।** वन परिक्षेत्र में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात पुनः हाथियों ने ग्राम रेवतपुर के चलकुपारा में जमकर उत्पात मचाया है। हाथियों ने किसानों के गन्ना और गेंहू की फसल को तबाह किया है। बता दें कि विगत 17 अप्रैल से तीन हाथियों का दल प्रतापपुर वन परिक्षेत्र से राजपुर वन परिक्षेत्र में पहुंचा था। हाथी वन परिक्षेत्र में प्रवेश कर धंधापुर, बदौली, अखोरा खुर्द, शिवपुर, रेवतपुर, कुंदीकला क्षेत्र में भ्रमण कर रहे और किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही तोड़फोड़ कर रहे है। बीती रात भी हाथियों ने ग्राम रेवतपुर के चलकुपारा गांव में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने किसानों के गेंहू, गन्ना की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। हाथी की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल और लोग रतजगा करने को मजबूर है। बुधवार को वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के मुआवजा प्रकरण तैयार किए गए इसके साथ ही ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। वर्तमान में हाथी धंधापुर के कक्ष क्रमांक 2740 के जंगल में मौजूद है और वन विभाग द्वारा उनपर निगरानी रखी जा रही है।

## पेज 1 के शेष...

### कॉलेज के युवाओं से खाता...

फर्जी मोबाईल नंबर उपलब्ध करवाकर लिंक करवाया जाता था। बैंक खाता की सभी जानकारी के साथ-साथ एटीएम कार्ड और लिंक्ड मोबाईल नंबर सिम कार्ड को कुरियर के माध्यम से रायपुर भेजकर गिरोह के द्वारा मोटी कमाई की जाती थी। रायपुर में सक्रिय ब्रोकर्स के द्वारा उन सभी बैंक एकाउंट को देश के अलग-अलग राज्यों में सायबर ठगी में उपयोग करने के लिए विक्री कर दिया जाता था जिसमें आगे चलकर सायबर ठगी से प्राप्त किए गए रुपयों को जमा व निकासी की जाती थी। जांच में यह बात भी सामने आई कि आरोपियों द्वारा ऑनलाइन बैटिंग एप का-बुक का आईडी लेकर सट्टा भी खिलाने का काम किया जाता था। आरोपी के बयान के बाद पुलिस ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली बैढन में स्थित एक किराए के मकान में छापामार कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सात अन्य आरोपियों को पकड़ा है जबकि इस मामले में अभी आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस फिलहाल अन्य आरोपियों के सम्बन्ध में भी जांच कर रही है।

### मकान की दीवार गिरने से...

वाहन से नीचे गिर गए और घटना स्थल ओर चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे भटगांव थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी और चेन्द्रा चौकी प्रभारी एलपी गुप्ता दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस की मदद से भटगांव अस्पताल में भर्ती कराया।

# तीन दिनों में करना होगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन के निर्माण का टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जास्वाल ने सरगुजा जिले के विभिन्न प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करने के साथ ही मेडिकल कॉलेज में ऑटोनॉमस बॉडी की बैठक ली। इसके साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 14 करोड़ की लागत से स्थापित एमआरआई मशीन का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके साथ विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक राम कुमार टोप्पो, सांसद चिंतामणि महाराज, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

- स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक में दिए निर्देश, एमआरआई का उद्घाटन, सीएचसी, पीएचसी का किया निरीक्षण



अपने सरगुजा प्रवास के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने शहरी सीएचसी नवापारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीएचसी में कीमोथेरेपी केन्द्र, सिकल सेल केन्द्र, प्रसव केंद्र, टीकाकरण केन्द्र, मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। मंत्री श्री जायसवाल ने उपस्थित मरीजों से बात कर सुविधाओं के सम्बन्ध में फीडबैक लिया। इसके साथ ही उन्होंने परसा आरोग्य मंदिर, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भाफौली, सीएचसी व पीएचसी दरिमा का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के साथ ही मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने दरिमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की निर्माणाधीन भवन का अवलोकन कर ठेकेदार को जल्द से जल्द निर्माण समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण उपरान्त उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वशासी समिति की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन भवन, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अथाह सागर है जिसको पूरा करने में लम्बा समय लग जाता है। यहां प्रतिदिन नई नई बीमारियां आ रही है और इन बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य में डिमांड भी बढती जा रही है। बैठक में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीसीटीवी कैमरा, वाटर कूलर, मरम्मत संधारण के कार्यों, स्टाफ की कमी को दूर करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही 109 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के भवन का टेंडर तीन दिन में जारी करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि 22 करोड़ की लागत से बन रहे ट्रामा सेंटर का कार्य भी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है जबकि मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल हेतु जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है। डॉक्टरों की कमी को लेकर उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की लगातार भर्ती की जा रही है। हम आवेदन मिलने के 24 घंटे के अंदर उन्हें एनएचएम में पोस्टिंग दे रहे है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, कलेक्टर, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ. अनिल शुक्ला, अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम, अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, सीएमएचओ डॉ. पी एस मार्को सहित अन्य मौजूद थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# कांग्रेस ने फूंका आतंकवाद का पुतला, दी गई मृतकों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पहलगाम में आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की हत्या और सुरक्षा में सरकार के फेलियर को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने बुधवार को जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में घड़ी चौक पर आतंकवाद का पुतला फूंका। पुतला दहन के उपरांत आतंकवाद की इस घटना में मृतकों को 2 मिनट की श्रद्धांजलि अर्पित की गई और मोमबत्ती जलाया गया।



इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस प्रकार निर्दोष और निहत्थे लोगों की हत्या की है उसकी कांग्रेस परिवार कड़ी निंदा करता है। आतंकवाद की यह भयावह घटना सुरक्षा में चूक का परिणाम है। केंद्र की सरकार ने कश्मीर में शांति का हवाला देकर देश के नागरिकों को कश्मीर में पर्यटन के लिए बुलाया लेकिन वे आम नागरिकों को सुरक्षा देने में असफल रहे। आतंकवादी सीमा पार कर कश्मीर के 4 जिलों को लांघ कर भारत के स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले पहलगाम पहुंच इतनी घृणित घटना को अंजाम देते हैं और देश की गुप्तचर व्यवस्था को भनक भी नहीं लगती है। यह सरकार का फेलियर है। उन्होंने यह मांग की कि सरकार तुरंत सर्वदलीय बैठक बुला कर पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में शामिल करने के लिए सेना को आक्रमण की अनुमति दे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व और पूरी पार्टी सरकार के हर निर्णय के साथ है। पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में मिलाना ही इस आतंकवाद की घटना में मृतकों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, अरविंद सिंह गप्पू, सिमा सोनी, दुर्गेश गुप्ता, अनिल सिंह, संध्या रवानी, गीता प्रजापति, इरफ़ान सिद्दीकी, विनोद एक्का, लक्ष्मी गुप्ता, पपिन्दर सिंह, दिनेश सोनी, संजीव मंदिलवार, अशफाक अलि, गुरुप्रीत सिद्धू, आलोक सिंह, कलीम अंसारी, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, अविनाश कुमार, जीवन यादव, शुभम जायसवाल, बबन सोनी, निकी खान, मो इमरान, काजू खान, मो बाबर, दिनेश शर्मा, आतिश शुक्ला, राजीव पाठक, आशीष जायसवाल, आशीष शील, अंकित जायसवाल, परवेज आलम गांधी, मो जिलानी आदि मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक: 01 जून 2025, 16 जुलाई 2025, 27 जुलाई 2025, 16 अगस्त 2025, 09 सितंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)